
तापमान


| | | |
|---|---|---|
| भोपाल | 39.1° | 23.4° |
| इंदौर | 37.4° | 22.8° |
| जबलपुर | 40.4° | 23.4° |
| ग्वालियर | 39.6° | 22.9° |

दैनिक
# नईदुनिया

भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित

वर्ष- 77
(भोपाल : वर्ष 39 अंक 121,पृष्ठ 12)
रविवार 31 मार्च 2024
राजधानी संस्करण
कीमतः 3:00 रुपये


राजधानी... रंगपंचमी पर शहर में गेर, भूत-पिशाच बने हुरियारे...


खेल... दो मैच हारने के बाद कप्तान हार्दिक पंड्या ने लिया...


व्यापार... सर्वोच्च स्तर पर पहुंचा भारत का विदेशी मुद्रा भंडार...


देश-विदेश... सीरिया के अलेप्पो में इजराइली सेना ने किया भीषण...

www.naiduniaonline.com

# राष्ट्रपति ने किया चार हस्तियों को भारत रत्न से सम्मानित

**नई दिल्ली (एजेंसी)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शनिवार को यहां पूर्व प्रधानमंत्री पी वी नरसिम्हा राव और चौधरी चरण सिंह, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर तथा महान कृषि वैज्ञानिक डॉक्टर एम एस स्वामीनाथन को देश के सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया।**



इन चारों हस्तियों को यह सम्मान मरनोंपरांत दिया गया है। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता रहे लाल कृष्ण आडवाणी को भी भारत रत्न दिए जाने की घोषणा की गई थी, लेकिन उन्हें आज यह सम्मान नहीं दिया गया। राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में श्री नरसिम्हा राव के पुत्र पी वी प्रभाकर राव, चौधरी चरण सिंह के पौत्र जयंत सिंह, कर्पूरी ठाकुर के पुत्र रामनाथ ठाकुर और डॉक्टर स्वामीनाथन की पुत्री सुश्री नित्या राव ने यह सम्मान लिया । इस मौके पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह , राज्य सभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे,कई केंद्रीय मंत्री तथा अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

### मोदी ने सम्मानित हस्तियों को दी श्रद्धांजलि

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' से सम्मानित किए गए लोगों के योगदान की सराहना की और पूर्व प्रधानमंत्रियों पीवी नरसिंह राव और चौधरी चरण सिंह सहित अन्य दिग्गजों को श्रद्धांजलि अर्पित की। मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न एक ऐसी विभूति को सच्ची श्रद्धांजलि है, जिन्होंने अपना संपूर्ण जीवन सामाजिक न्याय और समानता के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा कि जननायक कर्पूरी ठाकुर को समाज के अत्यंत पिछड़े वर्ग के मसीहा के रूप में जाना जाता है और समाज में हाशिये पर खड़े लोगों के उत्थान के लिए उन्होंने अपना बहुमूल्य योगदान दिया। उन्होंने कहा कि पिछड़े वर्ग के अधिकारों के लिए कर्पूरी जी का अथक संघर्ष हमेशा याद किया जाएगा। उनको भारत रत्न का सम्मान, हमारे समावेशी समाज और संवेदनशीलता के भारतीय मूल्यों का ही सम्मान है। मोदी ने कहा कि चौधरी चरण सिंह जी को भारत रत्न देश के विकास, विशेषकर कृषि और ग्रामीण विकास में उनके अतुलनीय योगदान का सम्मान है। मुझे विश्वास है कि कड़ी मेहनत और जनसेवा के लिए उनकी प्रतिबद्धता हमारी आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि पीवी नरसिम्हा राव ने हमारे देश के लिए जो किया है, हर भारतीय उसकी प्रशंसा करता है और गर्व महसूस करता है कि उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया गया है। उन्होंने कहा कि राव ने हमारे देश की प्रगति और आधुनिकीकरण को आगे बढ़ाने के लिए बड़े पैमाने पर काम किया। उन्हें एक सम्मानित विद्वान और विचारक के रूप में भी जाना जाता है। उनके योगदान को हमेशा संजोया जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि प्रख्यात वैज्ञानिक डॉ. एम. एस. स्वामीनाथन कृषि की दुनिया में एक सम्मानित हस्ती थे और आनुवंशिकी व कृषि विज्ञान के क्षेत्र में उनके अग्रणी कार्य और अनुसंधान के लिए व्यापक रूप से उनकी प्रशंसा की जाती (शेष पेज 2 पर)



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद एवं प्रदेश शासन के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय रंगपंचमी पर इंदौर की गेर में शामिल हुए

# आप सभी के सहयोग से प्रदेश आगे बढ़े, यही कामनाः डॉ.यादव

**इंदौर (काप्र)। मालवा के लोग सिर्फ आगे बढ़ना जानते हैं। आज देश हमारे लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार आगे बढ़ रहा है। आप सभी के सहयोग से मध्यप्रदेश भी आगे बढ़ता रहे, रंगपंचमी के पर्व पर यही मेरी शुभकामना है।**

यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शनिवार को रंगपंचमी पर्व पर इंदौर की गेर में उपस्थित हजारों लोगों को संबोधित करते हुए कही। इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद एवं मप्र शासन के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय सहित पार्टी पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि इंदौर में रंगपंचमी मनाने का यह तरीका, यहां की गेर इस क्षेत्र की ऐतिहासिक परंपरा के प्रतीक हैं। ये हमें अतीत की याद दिलाते हैं और अतीत पर जब हम नजर डालते हैं, तो पता चलता है कि मालवा का इतिहास अत्यंत गौरवशाली रहा है। यहां के लोग न रुके हैं, न झुके हैं। ये सिर्फ आगे बढ़ना जानते हैं और आगे ही बढ़े हैं। उन्होंने कहा कि आज देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में निरंतर आगे बढ़ रहा है। आप सभी के सहयोग से मध्यप्रदेश भी आगे बढ़े। आप सभी के जीवन में खुशियां आएं। जीवन में मिठास और उल्लास बने रहें, रंगों के इस पर्व पर यही (शेष पेज 2 पर)

## खास-खबरें

### शाह आज और मोदी 2 अप्रैल को राजस्थान का करेंगे दौरा


**जयपुर (एजेंसी)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 31 मार्च को राजस्थान दौरे पर आएंगे, जबकि आगामी लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भी दौरा तय है। राजस्थान दौरे पर अमित शाह सात लोकसभा सीटों की कोर कमेटी के साथ बैठक करेंगे, जिसमें जयपुर, धौलपुर, नागौर, दौसा, चूरू, झुंझुनू और करौली शामिल है। इसके अलावा वह सीकर में भी रोड शो और बैठक करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2 अप्रैल को कोटपुतली जयपुर ग्रामीण लोकसभा सीट में एक सभा करेंगे। उनकी सभा कोटपुतली के एलबीएस कॉलेज में होगी। लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह पहला दौरा होगा।

### सुपुर्द खाक हुआ बाहुबली मुख्तार, उमड़ा जनसैलाब

**गाजीपुर (एजेंसी)।** बाहुबली पूर्व विधायक और माफिया मुख्तार अंसारी का अंतिम संस्कार शनिवार को गाजीपुर जिले में यूसूफपुर मोहम्मदाबाद स्थित उसके पैतृक कब्रिस्तान में किया गया। इस मौके पर हजारों की तादाद में उसके समर्थक मौजूद रहे। पिछले गुरुवार को बांदा जेल में हृदयघात के बाद मुख्तार को मेडिकल कॉलेज लाया गया था जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी थी। शुक्रवार देर रात उसका शव गाजीपुर स्थित उसके पैतृक निवास पर लाया गया, जहां आज 10:30 बजे उसेके पैतृक कब्रिस्तान पर उसे सुपुर्द खाक किया गया। ऐहतियात के तौर पर जिला प्रशासन ने सुरक्षा के सख्त इंतजाम किये थे।

# राजनाथ की अध्यक्षता में भाजपा चुनाव घोषणा पत्र समिति गठित

**नई दिल्ली (एजेंसी)। बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शनिवार को लोकसभा चुनाव 2024 के लिए 27 सदस्यीय चुनाव घोषणा पत्र समिति का गठन कर दिया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को इस समिति का अध्यक्ष बनाया गया है। समिति में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण संयोजक और केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल सह-संयोजक बनाए गए हैं।**



बीजेपी के राष्ट्रीय महासचिव और मुख्यालय प्रभारी अरुण सिंह ने एक विज्ञप्ति में जानकारी दी है कि पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने इस समिति के गठन को मंजूरी दी है। चुनाव घोषणा पत्र समिति में केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, भूपेंद्र यादव, अश्विनी वैष्णव, धर्मेंद्र प्रधान, स्मृति ईरानी और राजीव चंद्रशेखर के अलावा पार्टी शासित राज्यों के मुख्यमंत्री और कुछ पूर्व उपमुख्यमंत्री भी शामिल हैं। मुख्यमंत्रियों में गुजरात के भूपेंद्र पटेल, मध्य प्रदेश के मोहन यादव, असम के हिमंत विश्व शर्मा और छत्तीसगढ़ के विष्णु देव साय के नाम हैं जबकि पूर्व मुख्यमंत्रियों में शिवराज सिंह चौहान और वसुंधरा राजे के नाम शामिल हैं। समिति के अन्य सदस्यों में पूर्व केंद्रीय मंत्री रवि शंकर प्रसाद, पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी, उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े, राधामोहन दास अग्रवाल, राष्ट्रीय सचिव मनजिंदर सिंह सिरसा, ओपी धनखड़, अनिल (शेष पेज 2 पर)

### रामलीला मैदान में इंडी गठबंधन की मेगा रैली आज

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली के रामलीला मैदान में विपक्षी गठबंधन द्वारा लोकतंत्र बचाओ रैली का आयोजन रविवार को किया जा रहा है। इस बाबत कांग्रेस ने कहा कि इस रैली का उद्देश्य किसी व्यक्ति (अरविंद केजरीवाल) की रक्षा करना नहीं, बल्कि संविधान और लोकतंत्र को बचाना है। कांग्रेस ने शनिवार को कहा कि यहां रामलीला मैदान में आयोजित होने वाली विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) की लोकतंत्र बचाओ रैली का उद्देश्य किसी व्यक्ति की रक्षा करना नहीं बल्कि संविधान और लोकतंत्र को बचाना है। विपक्षी दल कांग्रेस ने कहा कि रविवार को आयोजित होने वाली रैली से लोक कल्याण मार्ग को एक कड़ा संदेश दिया जाएगा कि भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार का समय (शेष पेज 2 पर)

# मोदी आज मेरठ में रैली को संबोधित कर चुनावी अभियान की करेंगे शुरुआत

**मेरठ (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लोकसभा चुनाव का कार्यक्रम घोषित होने के बाद उत्तर प्रदेश के मेरठ में रविवार को एक रैली संबोधित कर राज्यी में चुनावी अभियान की शुरुआत करेंगे। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक पदाधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि प्रधानमंत्री की इस रैली में मेरठ के अलावा बागपत, बिजनौर, मुजफ्फरनगर और कैराना लोकसभा क्षेत्रों के लोग भी शामिल होंगे। भाजपा मुख्यालय से प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता को प्रधानमंत्री की रैली के समन्वय की जिम्मेदारी दी गयी है। चुनाव प्रबंधन में पार्टी में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं विधान परिषद सदस्य गोविंद नारायण शुक्ला ने बताया कि प्रधानमंत्री की मेरठ रैली पश्चिमी उप्र में मील का पत्थर साबित होगी। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) इस बार राज्य की सभी 80 सीट पर जीत हासिल करेगा। उत्तर प्रदेश में 80 सीट पर सभी सात चरणों में चुनाव होने हैं जिसकी शुरुआत पश्चिमी उप्र से हो रही है। पहले चरण के तहत बिजनौर, मुजफ्फरनगर और कैराना लोकसभा क्षेत्रों में 19 अप्रैल को मतदान होगा। हालांकि मेरठ और बागपत में दूसरे चरण में 26 अप्रैल को मतदान होगा। मेरठ से भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष अंकित चौधरी ने कहा कि यह 2024 के चुनाव (शेष पेज 2 पर)



### एलजेपी ने अपने 5 उम्मीदवारों का किया ऐलान, हाजीपुर से लड़ेंगे चिराग पासवान

**हाजीपुर (एजेंसी)।** जैसे-जैसे लोकसभा चुनाव का समय निकट आ रहा है राजनीतिक पार्टियों की तैयारियां भी तेज हो गई हैं। ऐसे में एलजेपी ने आज अपनी 5 सीट पर उम्मीदवारों के नामों का एलान किया है। सूची में अरूण भारती, राजेश वर्मा, शांभवी चौधरी, चिराग पासवान, वीणा देवी के नाम शामिल हैं। जारी की गई लिस्ट के मुताबिक चिराग पासवान हाजीपुर से चुनाव लड़ेंगे, अरूण भारती को जुमई(अजा) से चुनाव मैदान में उतरा गया है, राजेश वर्मा को खगड़िया से , शांभवी चौधरी को समस्तीपुर (अजा) से टिकट मिला और वीणा देवी को वैशाली से उम्मीदवार बनाया गया है।

# कांग्रेस रोजगार क्रांति शुरुआत करेगीः खड़गे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शनिवार को कहा कि कांग्रेस रोजगार के अवसर बढ़ाने, उद्यमशीलता को सक्षम बनाने और युवाओं की आकांक्षाओं को साकार करने के लिए ठोस कदम उठाकर रोजगार क्रांति की शुरुआत करेगी।



खड़गे ने कहा कि कांग्रेस गारंटी देती है कि युवाओं का भविष्य अंधकारमय से उज्ज्वल हो जाएगा। उन्होंने युवा न्याय की गारंटी दोहरायी, जिसे पार्टी ने सत्ता में आने पर लागू करने का वादा किया है। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया कि कांग्रेस पार्टी युवा न्याय गारंटी के माध्यम से रोजगार क्रांति लाएगी। हम रोजगार के अवसर बढ़ाने, उद्यमशीलता को सक्षम करने और हमारे युवाओं के सपनों और आकांक्षाओं को साकार करने के लिए ठोस कदम उठाएंगे।खड़गे ने अपनी पार्टी द्वारा युवा न्याय के तहत दी गई गारंटी को सूचीबद्ध किया। कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने कहा कि भारती भरोसा गारंटी के तहत, उनकी पार्टी एक रोजगार कैलेंडर के अनुसार, केंद्र सरकार की 30 लाख नयी नौकरियां प्रदान (शेष पेज 2 पर)

### 'आप' मंत्री कैलाश गहलोत से ईडी ने की पूछताछ

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आम आदमी पार्टी (आप) विधायक एवं दिल्ली के मंत्री कैलाश गहलोत को दिल्ली शराब नीति में शनिवार को समन भेजकर पूछताछ के लिए बुलाया और मंत्री कुछ ही घंटों के बाद केन्द्रीय जांच एजेंसी के समक्ष उपस्थित हुए। नजफगढ़ से आप के विधायक गहलोत (49) दिल्ली सरकार में परिवहन, गृह और कानून मंत्री हैं। ईडी ने शराब नीति में 21 मार्च को 'आप' के संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किया था। केजरीवाल को 21 मार्च को ईडी ने गिरफ्तार किया था।

### पूर्व गृह मंत्री पाटिल की बहू ने थामा भाजपा का दामन

**लातूर (एजेंसी)।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री शिवराज पाटिल की बहू अर्चना पाटिल चाकूरकर ने शनिवार को भाजपा का दामन थाम लिया। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की मौजूदगी में उन्होंने बीजेपी की सदस्यता ली। ऐसी भी चर्चा है कि अर्चना पाटिल चाकूरकर अमित देशमुख के खिलाफ विधानसभा चुनाव लड़ेंगी। अर्चना पाटील के बीजेपी में जाने के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं में बेचैनी बढ़ गई है। बताया जा रहा है कि अशोक चव्हाण ने अर्चना पाटिल की पार्टी में एंट्री के लिए मध्यस्थता की थी। अर्चना पाटिल चाकूरकर के बीजेपी में शामिल होने से पहले उनके पति बसवराज पाटील ने भी भाजपा का दामन थाम लिया था।



**स्पेशल खबर** *यूपी मदरसा एक्ट को रद्द करने के इलाहाबाद...*

# हाईकोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में दी चुनौती

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा बोर्ड अधिनियम, 2004 को असंवैधानिक करार दिया था। कोर्ट के इस फैसले को अब उत्तर प्रदेश मदरसा बोर्ड ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी। यूपी बोर्ड ऑफ मदरसा एजुकेशन एक्ट 2004 को हाईकोर्ट में असंवैधानिक करार दिए जाने को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देते हुए कहा कि हाइकोर्ट के पास यह अधिकार नही है कि वह इस एक्ट को रद्द कर दे। इजाजुतूल उलूम के मैनेजर अंजुम कादरी की तरफ से हाईकोर्ट के फैसले को दी गई चुनौती। याचिकाकर्ता के मुताबिक सुप्रीम



कोर्ट के संविधान पीठ के कई ऐसे फैसले है, जिनपर ध्यान दिए बिना ही हाइकोर्ट ने इसे असंवैधानिक करार दिया है। याचिका पर जल्द सुनवाई की मांग की गई है। याचिकाकर्ता ने हाईकोर्ट के फैसले पर तुरंत रोक लगाने की मांग करते हुए कहा है कि हाईकोर्ट के फैसले से मदरसे मे पढ़ रहे लाखों छात्रों का भविष्य अंधकारमय हो गया है। हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने बड़ा फैसला सुनाते हुए यूपी बोर्ड आफ मदरसा एजुकेशन एक्ट 2004 को असंवैधानिक करार दिया है। कोर्ट ने कहा यह एक्ट धर्म निरपेक्षता के सिद्धांत के खिलाफ है। कोर्ट ने यूपी सरकार को निर्देश देते हुए कहा कि मदरसे में पढ़ने वाले छात्रों को बुनियादी शिक्षा व्यवस्था में समायोजित किया जाए। मदरसों की जांच के लिए यूपी सरकार ने अक्टूबर 2023 में एसआईटी का गठन किया है। एसआईटी मदरसों को हो रही विदेशी फंडिंग की जांच कर रही है। याची अंशुमान सिंह राठौड़ व अन्य ने याचिका दाखिल कर एक्ट (शेष पेज 2 पर)

### जनता को कर्ज में डुबोकर देश का भला नहीं कर रही सरकार : प्रियंका

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने मोदी सरकार पर देश के आम नागरिकों भारी कर्ज में डूबने का आरोप लगाते हुए कहा है कि जब देश की जनता का भला नहीं हो रहा है तो उन पर कर्ज में क्यों थोपा जा रहा है। श्रीमती वाड्रा ने कहा कि पिछले 10 वर्ष में अकेले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार देश का कर्ज ने बढ़ाकर 205 लाख करोड़ पहुंचा दिया है। इनकी सरकार ने लगभग 150 लाख करोड़ कर्ज लिया बीते 10 साल में। आज देश के हर नागरिक पर लगभग डेढ़ लाख का औसत कर्ज बनता है। उन्होंने सवाल करते हुए कहा कि यह पैसा राष्ट्रनिर्माण के किस काम में लगा।क्या बड़े पैमाने पर नौकरियाँ पैदा हुईं या दरअसल नौकरियाँ तो गायब हो गईं।

